In the NEWS

RELIANCE Life Insurance

Publication: **Hindustan** | Region: **Ranchi** | Date: **07/11/2014** | Page No.: **15**

पीएम की तर्ज पर रिलायंस लाइफ का नया अभियान

नई दिल्ली | एजेंसियां

प्रेरणा

- पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत से प्रेरित है 'कर भला' अभियान
- अच्छे कार्यों को कंपनी ने अभियान में जमकर किया प्रचारित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक नया अभियान डू गुड (कर भला) अभियान शुरू किया। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में छोटे-बड़े अच्छे कामों की खुशी में दूसरों को भी शामिल करना है।

दिल्ली में मेट्रो के पुल के नीचे बच्चों को साक्षर बनाने वाले एक दुकानदार या मदुरै में बेसहारा और उपेक्षित लोगों को भोजन कराने वाले नारायणन की कहानी-या ऐसी कुछ कहानियां, जिन्हें इस अभियान के शुरू में प्रचारित किया जा रहा है। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अनूप राउ ने इस मंच का उद्घाटन किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक इस अभियान में उम्र, वर्ग या क्षेत्र का कोई बंधन नहीं होगा।